महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पंत्राकः रू0वि0 / कु0स0का0 / 2022 / 509 दिनांकः–10.06.2022

सेवा में,

1. समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर।
2. प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, एम0जे0पी0, रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः– अमृत योग सप्ताह (14जून,2022 से 20 जून,2022) एवं अष्टम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2022 के आयोजन के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्रांक 1550 / सत्तर–3–2022 दिनांक 10 जून 2022 के क्रम में **"आजादी का अमृत महोत्सव–2022"** के अवसर पर देश के 25 करोड लोगो को योग से जोड़े जाने का संकल्प लिया गया है, जिसके क्रम में उत्तर प्रदेश से 3.5 करोड़ लोगों को जोड़े जाने का लक्ष्य है।

लक्ष्य की प्राप्ति हेतु मा0 प्रधानमंत्री जी की अपेक्षानुरूप **"अमृत योग सप्ताह (दिनांक 14 जून 2022 से 20 जून 2022) एवं अष्टम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2022** का व्यापक प्रचार–प्रचार कराते हुए निर्देशों के अनुसार कार्यक्रम आयोजित कराकर जन सामान्य / अपने घर के सदस्यों को योग क्रिया से जागरूक / लाभान्वित कराते हुऐ कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने की अपेक्षा की गई है।

उक्त के क्रम में आपसे अपेक्षा है कि उपरोक्तानुसार अपने–अपने संकायो / विभागों / महाविद्यालयों / संस्थानों में **आठवें अन्र्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2022) थीम "मानवता के लिए योग" (Yoga for Humanity)** पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन कर, प्रतिभागियों की फोटो एवं प्रतिभागियों की संख्या का विवरण "आयुष कवच ऐप" अथवा http://asy.ayushkavach.com पर सामूहिक अथवा व्यक्तिगत रूप से अपलोड करने का कष्ट करें।

10/06/22

कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समन्वयक, एन.एस.एस.।
2. क्रीड़ा सचिव।
3. प्रभारी मीडिया।
4. निजी सचिव कुलपति, मा. कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
5. प्रभारी, विश्वविद्यालय बेवसाइट।

कुलसचिव

महत्वपूर्ण

संख्या– 1550 /सत्तर–3–2022

प्रेषक,

**मोनिका एस0 गर्ग**
**अपर मुख्य सचिव**
**उ0प्र0शासन।**

सेवा में,

1. कुलपति
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय
उत्तर प्रदेश।

2. निदेशक
उच्च शिक्षा
उ0प्र0, प्रयागराज।

**उच्च शिक्षा अनुभाग–3** **लखनऊ : दिनॉक 10 जून, 2022**

**विषय :– अमृत योग सप्ताह (14 जून, 2022 से 20 जून, 2022) एवं अष्टम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2022 के आयोजन के संबंध में।**

**महोदय,**

मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा **"मन की बात"** कार्यक्रम में तथा देश के सभी सरपंचों के संबोधन में योग के महत्व पर बल देते हुये इसको **"वसुधैव कुटुम्बकम"** की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला तथा पूरी मानवता को एकसाथ जोड़ने के एक सशक्त माध्यम के रूप में रेखांकित किया गया है, जिसके दृष्टिगत आठवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस ( 21 जून, 2022 ) की थीम **"मानवता के लिये योग"** _(**Yoga for Humanity**) घोषित की गई है। स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगाँठ के पावन अवसर पर पूरे देश में मनाये जा रहे **"आजादी का अमृत महोत्सव–2022"** के अवसर पर देश के **25 करोड़** लोगों को योग से जोड़े जाने का संकल्प लिया गया है, जिसके क्रम में उत्तर प्रदेश से **3.5 करोड़** लोगों को जोड़े जाने का लक्ष्य है, जिसकी प्राप्ति हेतु **"अमृत योग सप्ताह"** के आयोजन किया जा रहा है।

(2) आजादी के अमृत महोत्सव के पावन पर्व पर दिनांक 14 जून, 2022 को **अमृत योग सप्ताह** का शुभारम्भ किये जाने हेतु समस्त जनपद मुख्यालयों, तहसीलों, ब्लाकों एवं ग्राम पंचायतों में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। कार्यक्रमों में आने वाले योगाभ्यासियों द्वारा अपने घर के सदस्यों एवं अन्य को भी योग करने हेतु प्रेरित किया जाये। अमृत योग सप्ताह एवं अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की फोटो एवं प्रतिभागियों की संख्या का विवरण "आयुष कवच ऐप"(Ayush Kawach App) अथवा http://ays.ayushkavach.com पर सामूहिक अथवा व्यक्तिगत रूप से अपलोड किया जाये।

(3) मा0 प्रधानमंत्री जी की मंशा को ध्यान में रखते हुये **"वसुधैव कुटुम्बकम"** की भावना को मजबूती प्रदान करने एवं मानव कल्याण के उद्देश्य से इस बार सभी गॉवों में अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने के लिये माइक्रो प्लान के अनुसार योग प्रशिक्षकों द्वारा जनपद में स्थित सरकारी एवं निजी क्षेत्र के महाविद्यालयों को अमृत योग सप्ताह एवं आठवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों में आवश्यक रूप से सम्मिलित किया जाय। इस हेतु शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं को योगाभ्यास का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा एवं उन्हें अपने परिवार एवं अन्य को भी योग से जोड़ने के लिये प्रेरित किया जाये।

(4) कार्यक्रमों में **"कोविड प्रोटोकॉल"** का पालन किया जाये।

(5) अतः वर्णित स्थिति में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया मा0 प्रधानमंत्री जी की अपेक्षानुरूप **"अमृत योग सप्ताह"** (दिनांक 14 जून, 2022 से 20 जून, 2022) एवं **"अष्टम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2022"** का व्यापक प्रचार–प्रसार कराते हुए उपरोक्त निर्देशों के अनुसार कार्यक्रम आयोजित कराकर जन सामान्य को योग क्रिया से लाभान्वित/जागरूक कराने का कष्ट करें तथा कृत कार्यवाही से शासन को भी अवगत करायें।

**भवदीय,**

**( मोनिका एस0 गर्ग )**
**अपर मुख्य सचिव।**

**संख्या–1550(1)/सत्तर–3–2022–तद्दिनॉकः**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– निजी सचिव, मा0 मंत्री उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2– निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3– अपर मुख्य सचिव, आयुष विभाग, उ0प्र0 शासन।
4– निदेशक, आयुष विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
5– कुल सचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
6– समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
7– विशेष कार्याधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक।
8– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

**( हरेन्द्र कुमार सिंह )**
उप सचिव।